भारतीय कपास निगम लिमिटेड

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD

एक मिनी रत्न कंपनी (भारत सरकार का उपक्रम – वस्त्र मंत्रालय)

A Mini Ratna Company (A Govt. of India Undertaking – Ministry of Textiles)

शाखा कार्यालय: ऑफिस क्र.**501**, **5**वी मंजिल, यमुना बिजनेस पार्क, मुर्तिजापुर रोड, अकोला – **444001**.

Branch Office: Office No.501, 5th **Floor**, Yamuna Business Park, **AKOLA – 444001.**

Phone No: - 0724-2400354 * ई-मेल/**e-mail: akola@cotcorp.com** वेबसाईट/**Website:** www.cotcorp.org.in *

मंत्रालय वेबसाइट/**Ministry website: texmin.nic.in**

सीआयएन/CIN:U51490MH1970GOI014733

Ref: CCI/AKL/ADM/Courier/2025/ **दिनांक: 19.02.2026**

कूरियर सेवा हेतु निविदा सूचना

प्रसिद्ध एवं अनुभवी कूरियर सेवा एजेंसियों से "दस्तावेज़ एवं कपास सेम्पल/अन्य उपकरण की संपूर्ण भारत में डिलीवरी" हेतु दो बोली प्रणाली में निर्धारित प्रारूप में सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदा दस्तावेज़ किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान हमारे कार्यालय से 12.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र एवं उसके साथ नियम व शर्तें हमारी वेबसाइट www.cotcorp.org.in तथा सरकारी वेबसाइट www.eprocure.gov.in से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र सभी आवश्यकताओं के साथ पूर्ण रूप से भरकर ₹2000/- की ईएमडी राशि सहित 12.03.2026 को अपराह्न 01:30 बजे तक इस कार्यालय में पहुँचना चाहिए। निविदा उसी दिन अपराह्न 02:00 बजे उन निविदाकारों की उपस्थिति में खोली जाएगी जो उपस्थित रहना चाहते है ।

उप महाप्रबंधक

TENDER NOTICE FOR COURIER SERVICE - 2025-26

Sealed Tenders in prescribed format are invited in two bid system from reputed & experienced Courier service Agencies for "Delivery of Documents & Cotton samples/other equipment's to all over India." The tender documents can be obtained from our office on any working day during office hours on or before **12.03.2026 by 11 A.M.** Tender form along with terms and conditions can also be downloaded from our website www.cotcorp.org.in and Govt website www.eprocure.gov.in. The tender form duly completed in all respects along with **EMD** of **Rs.2000/-**should reach this office on or before **12.03.2026 by 01.30 P.M** which shall be opened at **02.00 P.M.** on the same day in presence of the tenderer who wish to remain present.

Dy. General Manager

कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, अकोला

कूरियर सेवा हेतु निविदा सूचना

कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, अकोला द्वारा इच्छुक एवं योग्य कूरियर सेवा प्रदाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

<u>आवश्यक पात्रता शर्तें:</u>

इच्छुक कूरियर सेवा प्रदाता के पास निम्नलिखित योग्यताएँ होना अनिवार्य है:

1. कूरियर सेवा का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। अनुभव प्रमाण पत्र/कार्य आदेश की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
2. अकोला तथा अन्य उन स्थानों पर जहाँ हमारी शाखाएँ स्थित हैं, स्वयं का कार्यालय या अधिकृत फ्रेंचाइजी होना चाहिए।कार्यालय में टेलीफोन सुविधा उपलब्ध होना आवश्यक है।
3. वैध पैन नंबर होना चाहिए। पैन कार्ड की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
4. जीएसटी पंजीकरण (यदि लागू हो) होना चाहिए। जीएसटी प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

<u>कार्य का विवरण:</u>

1. सेवा प्रदाता का अधिकृत प्रतिनिधि प्रतिदिन शाम 5:30 बजे कार्यालय से भेजे जाने वाले दस्तावेज/पार्सल प्राप्त करेगा।
2. प्रत्येक दस्तावेज/पार्सल के लिए रसीद तथा एयरवे बिल/कंसाइनमेंट नोट की प्रति कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी।
3. डिलीवरी की समय-सीमा निम्नानुसार रहेगी:
    - हवाई मार्ग से जुड़े महानगरों में: 48 कार्य घंटे के भीतर
    - अन्य प्रमुख शहरों/कस्बों में: 72 कार्य घंटे के भीतर
    - छोटे शहरों/दूरदराज क्षेत्रों में: 96 घंटे के भीतर
    - महाराष्ट्र राज्य के भीतर: 2 दिनों के भीतर
4. विलंब पर जुर्माना:
    - निर्धारित समय से 2 दिन की देरी होने पर संबंधित बिल राशि का 50% काटा जाएगा।
    - निर्धारित समय से 4 दिन से अधिक देरी होने पर संबंधित डिलीवरी के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।
5. सेवा प्रदाता यह सुनिश्चित करेगा कि सभी दस्तावेज/पार्सल सही पते पर, पावती सहित वितरित किए जाएं। किसी भी स्थिति में दस्तावेज/पार्सल किसी अन्य व्यक्ति या पक्ष को नहीं दिए जाएंगे।
6. प्रत्येक डिलीवरी के लिए सेवा प्रदाता को डिलीवरी प्रमाण (POD) या डिलीवरी स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें प्राप्तकर्ता का नाम एवं टेलीफोन / दूरभाष नंबर स्पष्ट रूप से अंकित हो।

<u>नियम एवं शर्तें</u> :-

1. निविदा दो-बोली प्रणाली में जमा करनी होगी:
    - **तकनीकी बोली (बोली-I)**: संलग्न *अनुबंध-A* के अनुसार भरकर जमा करें।
    - **वित्तीय बोली (बोली-II)**: संलग्न *अनुबंध-B* के अनुसार, फर्म/कंपनी के लेटरहेड पर कार्य की दरें लिखकर जमा करें।
2. **ईएमडी (Earnest Money Deposit)** ₹2000/- (केवल दो हजार रुपये) डिमांड ड्राफ्ट जोकी **"द कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड"**, अकोला के पक्ष में देय हो। या ई-भुगतान के माध्यम से जमा करनी होगी।

    <u>बैंक विवरण:</u>

    Bank Name: State Bank of India Limited
    Branch Name: Main Branch, Akola
    Account No.: 30583799901
    IFSC code: SBIN0000306

3. सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें। निविदा पूरी तरह से भरी हुई, मुहर लगी हुई तथा अधिकृत हस्ताक्षर सहित होनी चाहिए।
4. जो निविदा निर्धारित प्रारूप में नहीं होगी, या शर्तों को पूरा नहीं करेगी, या किसी भी प्रकार से अपूर्ण पाई जाएगी, उसे अस्वीकार किया जा सकता है।
5. निविदा जमा करने संबंधी निर्देश- इच्छुक सेवा प्रदाता अपना सीलबंद निविदा पत्र, जिस पर स्पष्ट रूप से **"कूरियर सेवा प्रदाता के रूप में नियुक्ति हेतु निविदा"** लिखा हो, निम्न पते पर जमा करें:

    उप महाप्रबंधक, द कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, आफिस क्र. 501, 5वीं मंजिल, यमुना, बिजनेस पार्क, मुर्तीजापुर रोड, अकोला - 444001.

    टेंडर लिफाफा ऊपर दिए गए आफिस के पत्ते पर रखे टेंडर बॉक्स मे 12.03.2026 को दोपहर 01:00 बजे या उससे पहेले प्राप्त होना अनिवार्य है |

6. लिफाफों का विवरण- निविदा निम्नानुसार तीन लिफाफों में प्रस्तुत की जाए:

    (क) लिफाफा "ए" - तकनीकी बोली (Technical Bid - I)
    इसमें निम्न दस्तावेज शामिल हों:
    - ईएमडी ₹2,000/-
    - हस्ताक्षरित नियम एवं शर्तें
    - सभी आवश्यक एवं प्रासंगिक दस्तावेज

    (ख) लिफाफा "बी" - वित्तीय बोली (Financial Bid - II)
    (ग) लिफाफा "सी" - बाहरी लिफाफा
    जिसमें लिफाफा "ए" एवं "बी" दोनों सम्मिलित हों।

7. निर्धारित समयावधि तक प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 12.03.2026 को दोपहर 2:00 बजे** उपरोक्त कार्यालय पते पर, उपस्थित इच्छुक निविदाकारों के समक्ष खोला जाएगा।

8. एमएसई (सूक्ष्म एवं लघु उद्यम) (MSE- Micro and Small Enterprises) हेतु प्रावधान : एमएसएमई (MSME) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत केवल एमएसई (MSE) फर्म/कंपनी, यदि वे तकनीकी बोली के साथ वैध एमएसई प्रमाण पत्र प्रस्तुत करती हैं (जो निविदा कार्य की प्रकृति से संबंधित हो), तो उसे EMD राशी से छूट प्रदान की जाएगी।
9. जमा ईएमडी राशी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा कार्य के संतोषजनक पूर्ण होने पर राशि वापस कर दी जाएगी।
10. सेवा प्रदाता के कार्यालय/फ्रेंचाइजी उन सभी स्थानों पर होने चाहिए जहाँ हमारे शाखा एवं प्रधान कार्यालय स्थित हैं। साथ ही सभी महानगरों और राज्य की राजधानियों में उनके कार्यालय टेलीफोन नंबर सहित होने चाहिए। अन्य प्रमुख शहरों में भी उनके कार्यालय/फ्रेंचाइजी उपलब्ध होने चाहिए।
11. सेवा प्रदाता प्रत्येक कार्यदिवस में निर्धारित समय पर दस्तावेज़/पार्सल लेने के लिए अपने अधिकृत प्रतिनिधि को हमारी शाखा कार्यालय भेजेगा। प्रतिनिधि को दिया गया कोई भी निर्देश सेवा प्रदाता को दिया गया निर्देश माना जाएगा।
12. सेवा प्रदाता का प्रतिनिधि कार्यालय समय के दौरान अथवा उसके बाद, व्यक्तिगत रूप से या फोन पर उपलब्ध रहेगा। डिलीवरी से संबंधित कार्य हेतु बुलाए जाने पर उसे उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
13. सेवा प्रदाता दस्तावेज़ों की सुरक्षित एवं गोपनीय डिलीवरी सुनिश्चित करेगा।
14. सेवा प्रदाता अनुबंध अवधि के दौरान उच्च नैतिक मानकों का पालन करेगा।
15. एयर कूरियर से भेजे गए दस्तावेज़/नमूनों के लिए दावा की गई दरों के समर्थन में एयर कूरियर की रसीद/प्रमाण बिल के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
16. जो दस्तावेज़/पार्सल वितरित नहीं हो पाए हों, उन्हें 10 दिनों के भीतर वापस करना होगा तथा डिलीवरी न होने का कारण बताना होगा।
17. निविदा की शर्तों के विरुद्ध किसी भी कार्य से सीसीआई को होने वाली हानि, क्षति, लागत या व्यय की भरपाई सेवा प्रदाता करेगा। ऐसे नुकसान/लागत की वसूली का अधिकार सीसीआई को होगा।
18. सेवा प्रदाता कूरियर सेवा से संबंधित सभी लागू कानूनों तथा नियमों/आचार संहिता का पालन करेगा।
19. कूरियर सेवा प्रदाता की नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी, जिसे आपसी सहमति से समान दरों एवं शर्तों पर अधिकतम दो वर्ष तक (एक-एक साल के लिए) बढ़ाया जा सकता है।
20. उद्धृत दर में जीएसटी को छोड़कर सभी कर एवं अन्य व्यय शामिल होंगे।

<u>भुगतान की शर्तें:</u>

सेवा प्रदाता हर महीने के अंत में डिलीवरी रिपोर्ट (POD/Delivery Status) के साथ अपना बिल भेजेगा। बिल सही पाए जाने पर भुगतान 15 दिन के अंदर किया जाएगा। अगर बिल में कोई गलती या सुधार की जरूरत होगी, तो सुधार उपरांत बिल प्राप्त होने की दिनांक से १५ दिन के समय सीमा मे भुगतान किया जायेगा |

21. निगम सेवा प्रदाता के बिल के भुगतान से नियमानुसार, जहा भी लागू होगा, टीडीएस की कटौती करेगा |
22. निगम को यह अधिकार है कि वह किसी भी निविदा को या सभी निविदाओ को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है। हालाकि, निविदाकर्ता इस संबंध मे जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

<u>दरों और सेवा की वैधता:</u>

निविदा में तय की गई दरें कार्य आदेश की तारीख से 1 साल तक वैध रहेंगी। इस दौरान निविदा वापस नहीं ली जा सकती। अगर अनुबंध अवधि के दौरान सेवा प्रदाता का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो निगम द्वारा कार्य आदेश रद्द किया जा सकता है एवं EMD भी जप्त की जा सकती है | ऐसे मामले में, काम किसी अन्य सेवा प्रदाता को दिया जाएगा और किसी हानि की भरपाई संबंधित सेवा प्रदाता से की जाएगी। साथ ही निगम द्वारा असंतोषजनक कार्य के कारण सेवा प्रदाता को 1 साल के लिए ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है।

23. इस निविदा से संबंधित सभी उत्पन्न होने वाले विवाद अकोला के न्यायलय के क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे |

निविदा/सेवा अनुबंध में हस्ताक्षर अनुभाग

मैं/हम निविदा की शर्तों और नियमों को पढ़ एवं समझ लिया है और पालन करने के लिए सहमत हैं।

निविदाकर्ता का नाम : _____

फर्म/कंपनी का पता और मुहर : _____

_____

_____

अधिकृत व्यक्ति का मोबाइल नंबर : _____

संपर्क व्यक्ति मोबाइल नंबर : _____

निविदाकर्ता/सेवा प्रदाता के हस्ताक्षर

दिनांक: _____

स्थान: _____

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD,

BRANCH OFFICE: AKOLA

ANNEXURE "A"

TECHNICAL BID-I

1. Name & Address of the Firms/Company**:** **(Local Office Address must be submitted)**	M/S._____ Official Address:_____ City:- _____ PIN:_____ Tel. No. _____ (O) _____ (R) _____ Mobile No. _____ E Mail ID
2. EMD for an amount of Rs.2000/- to be enclosed with the **Technical Bid-I** .	D.D No. **Dated.** Name of the Bank: OR e-payment UTR No._____-Dt._____ **Amount: Rs.2000/-** _____
3. If Firm /Company is MSE or not: If yes, attach valid certificate	YES / NO
4. a) 3 years working experience as Courier Service provider. (Experience Certificate/ Work Order copies to be attached) b) List of their centres & franchise details with Telephone No. (Note: Self-attested copy of the list to be submitted)	a) YES / NO b) YES / NO
5. PAN No. with income Tax authority (Govt. of India) (Xerox copy to be enclosed)	
6. Name of the Authorized Person: - Authorization letter representing the party and signing the Tender documents. Note: Authority letter on the letterhead of the firm / Co. should be attached.	_____
7. GST Registration No. (If applicable) (Xerox copy to be enclosed.)	_____

I/We confirm having read understood and accepted all the terms & conditions of the tender.

Place: Name of the Tenderer :

Date: Signature with seal :

ANNEXURE-"B "

(TO BE SUBMITTED IN PARTY LETTERHEAD)

FINANCIAL BID-II

RATE QUOTED PER CONSIGNMENT

I. **FOR DOCUMENTS** **(Rate excluding GST in Rs.)**

Sl. No.	Weight Slab	Akola to Anywhere in Maharashtra State		Akola to Anywhere in Central State (Gujarat, M.P., Chhattisgarh)		Akola to Anywhere in South State (Tamil nadu, Andhra,Telangana, Karnataka)		Akola to Anywhere in North State (Punjab, Haryana, Rajasthan)		Rest of India	
		Surface Cargo	Air Cargo	Surface Cargo	Air Cargo	Surface Cargo	Air Cargo	Surface Cargo	Air Cargo	Surface Cargo	Air Cargo
01	Up to 100 gms										
02	Above 100 gms & up to 250 gms										
03	Above 250 gms & up to 500 gms										
04	Above 500 gms & up to 1 Kgs										
05	Per 500 gms (above 500gms)										

Note: In Case of Weight above 500 gms(Sl. No. - 05)

1. Upto 249 gms: Shall not be considered.
2. 250 gms & above : Shall be considered as 500 gms.

II. **FOR COTTON SAMPLES /OTHERS EQUIPEMENTS** **(Rate excluding GST in Rs.)**

Sl. No.	Weight Slab	Akola to Anywhere in Maharashtra State		Akola to Anywhere in Central State (Gujarat, M.P., Chhattisgarh)		Akola to Anywhere in South State (Tamil nadu, Andhra, Telangana, Karnataka)		Akola to Anywhere in North State (Punjab, Haryana, Rajasthan)		Rest of India	
		Surface Cargo	Air Cargo	Surface Cargo	Air Cargo	Surface Cargo	Air Cargo	Surface Cargo	Air Cargo	Surface Cargo	Air Cargo
01	Up to 1 Kg										
02	Per 1 Kg (Above 1										

Note: In Case of Weight above 1 kg(Sl. No. - 02)

1. Upto 499 gms: Shall not be considered.
2. 500 gms & above: Shall be considered as 1 kg.

Party quoting maximum numbers of minimum rates for different locations shall be considered as L1, separately for documents & Cotton Samples/others equipments.

Signature of Tenderer _____ Firm/Company Seal _____

Name of the Person _____Date _____Place _____

Signature of Tenderer with seal